तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 17.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024

11 बिजली किल्लत को लेकर ग्रामीण परेशान



12 रेडियो व टीवी कलाकार सूरज कुमार भाजपा में शामिल



# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में डिजिटल मार्किंग शुरू होगी, क्यूआर और अल्फा न्यूमेरिक कोड लागू करने के बाद नकल पर पाया काबू : डॉ. यादव

## हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के चेयरमैन बोले, कोड से पेपर आउट होने पर तुरंत पता चलता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

क्यूआर कोड और अल्फा न्यूमेरिक कोड लागू करने से नकल पर अंकुश लगा है। यही कारण है कि गत वर्ष के मुकाबले इस बर्ष पेपर आउट होने व नकल के मामलों का ग्राफ नीचे गिरा है। ये कहना है हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन डॉ. वीपी यादव का। डॉ. वीपी यादव सोमवार को सोनीपत के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### नकल पर सख्ती

डॉ. वीपी यादव ने कहा कि सोनीपत के खरखौदा में जब पहले भ्रमण किया था तो यहां काफी अनियमितताएं दिखाई दी थी, लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं मिला। कुंडली के एक सेंटर में बहुत ही शांति और अच्छे ढंग से पेपर चलते मिले हैं। क्यूआर कोड और अल्फा न्यूमेरिक कोड लागू करने से पहले साल 2022 में प्रदेश में यूएमसी के 3800 केस थे, साल 2023 में यूएमसी के लगभग 1800 केस थे, जबकि इस साल प्रदेश में यूएमसी के सिर्फ 760 केस मिले है। सोनीपत जिले की बात करें तो साल 2023 में यहां नकल के 200 मामले मिले थे, इस वर्ष महज 68 केस आए है। अब पेपर आउट करने वाला कोई भी व्यक्ति बच नहीं सकता। प्रदेश में इस बार 10 से 11 जगह पेपर आउट होने की शिकायत आई हैं। इनमें सोनीपत जिले में दो मामले शामिल हैं। जो पेपर रद्द हुए हैं, उनकी परीक्षाएं 03 से 06 अप्रैल के बीच में दोबारा करवाई जाएंगी। चेयरमैन डॉ. वीपी यादव ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड डिजिटलाइजेशन की तरफ कदमताल करते हुए टेक्नोलॉजी के साथ में आगे बढ़ रहा है। आगामी सत्र से डिजिटल मार्किंग शुरू की जाएगी, जिसके बहुत फायदे हैं। डिजिटल मार्किंग में उत्तर पुस्तिका का कोई भी पेज या प्रश्न बिना जांच के नहीं रह सकता। यदि कोई रिपीटेशन है तो उसे भी टीचर को तुरंत बता देगा। विद्यार्थी के प्राप्त अंकों का जोड़ भी स्वतः होगा। डिजिटल मार्किंग हरियाणा शिक्षा बोर्ड का क्रांतिकारी कदम है।



सोनीपत। पत्रकारों से बातचीत करते शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन डॉ. वीपी यादव।

### पास होने के फार्मूले में बदलाव, थ्योरी व आंतरिक मूल्यांकन में लेने होंगे 33%

डॉ. वीपी यादव ने बताया कि दसवीं कक्षा का पास परिणाम बढ़ाने के लिए शिक्षा बोर्ड की तरफ से सीबीएसई के तर्ज पर ही पहले 20 नंबर का आंतरिक मूल्यांकन और 80 नंबर का थ्योरी पेपर होता है। जिसमें विद्यार्थी को दोनों में अलग-अलग 33 फीसदी अंक प्राप्त करने होते थे। अब हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने फार्मूला बदला है। जिसमें दोनों में कुल मिलाकर अगर 33 फीसदी अंक विद्यार्थी को प्राप्त होते है तो उसे पास माना जाएगा।

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री कर्मचारी की संदिग्ध हालत में मौत

**खरखौदा।** सैदपुर स्थित फैक्ट्री के कर्मचारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में भिजवा दिया है। सैदपुर चौकी पुलिस को सूचना मिली थी कि हलालपुर मार्ग पर स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक सतीश, जो कि हुसेनपुर, याकूतगंज, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, की फैक्टरी में मौत हो गई है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। चौकी प्रभारी दलजीत सिंह का कहना है कि फैक्टरी के अंदर ही लेबर के रहने के लिए कमरे बनाए गए हैं, मृतक सतीश भी वहीं पर रहता था। वह संदिग्ध हालत में मृत मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

### नहर में मिला लापता युवक का शव

**गन्नौर।** पुरखास आईटीआई से गायब हुए 22 वर्षीय अजय का शव सोमवार को हुलेडी गांव की नहर में मिला है। स्थानीय लोगो ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद गोहना पुलिस मौके पर पहुँची ओर गन्नौर पुलिस को मामले से अवगत कराया। जिसके बाद गन्नौर पुलिस मौके पर पहुँची ओर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। गन्नौर थाना प्रभारी ने बताया कि ककाना भादरी गोहना निवासी जय किशन ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका बेटा पुरखास आईटीआई में पढ़ता है। वह 29 मार्च को आईटीआईं आया था लेकिन वापस घर नही लौटा। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नही चला। सोमवार को सुबह सूचना मिली कि हुलेडी गांव की नहर में अजय का शव मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौप दिया। मृतक के शरीर पर किसी तरह के कोई निशान नही मिले।

### मकान में सेंध लगाकर गहने चोरी, केस दर्ज

**गोहाना।** शहर में चोपड़ा कालोनी में चोरों ने घर में सेंध लगाकर नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय घर पर ताला लगा हुआ था। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गांव सिटावली की मुकेश ने पुलिस को बताया कि वह चोपड़ा कालोनी में अजीत के मकान में रहती है। वह घर पर ताला लगाकर अपने गांव सिटावली गई थी। रविवार को वापस आई तो ताला टूटा मिला। उसने वापस आकर समान की जांच की। चोर सोने की दो अंगुठी, दो जोड़ी बाली, मंगलसूत्र, दो जोड़ी पायल, चांदी की तागड़ी के साथ अन्य आभूषण, बर्तन, कपड़े और 16 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

# पावरग्रिड कंपनी ने फिर शुरू किया काम महिलाएं रुकवाने पहुंची, 100 पर केस दर्ज

## नाहरा में पावरग्रिड की लाइन बिछाने के मामले में बना रहा गतिरोध, पुलिस से खींचतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव नाहरा में पावर ग्रिड की लाइन बिछाने के मामले में सोमवार को दूसरे दिन भी विरोधाभास बना रहा। एक ओर तो रविवार को टावर लगाने के लिये खोदे गए गड्ढों को भर दिया था। वहीं मंगलवार को कंपनी ने फिर से गड्ढे खोदने के लिये पुलिस की मौजूदगी में काम शुरू करने की कोशिश की। इस काम को रूकवाने के लिये महिलाएं मौके पर पहुंची तो पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान महिलाओं और पुलिस के बीच जोर-आजमाइश भी हुई। काफी देर चली इस खींचातान के बाद कंपनी की ओर से गांव के सरपंच समेत 100 लोगों पर केस दर्ज करवा दिया गया है, जिसमें 16 लोगों को नामजद किया गया है। इन लोगों पर कंपनी की तरफ से खोदे गड्ढे भरने और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

गुजरात के कच्छ से शुरू हुई हाई ट्रांसमिशन लाइन के हिस्से में दिल्ली के गांव औचंदी से सोनीपत के गांव माहरा तक लाइन बिछाई जा रही है। जिसका गांव नाहरा के किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों का तर्क है कि उन्हें मार्केट रेट के हिसाब से मुआवजा नहीं दिया जा रहा। किसानों को हिरासत में लेकर कंपनी ने टावर लगाने का काम भी शुरू करा दिया था, लेकिन उसके बाद से किसान धरने पर बैठे हुए हैं। यही नहीं, इस मामले में कंपनी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किसानों की कई दौर की बैठक भी हो चुकी हैं, लेकिन नतीजा नहीं निकला है। इस बीच रविवार को किसानों ने प्रशासन व कंपनी पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए पावर ग्रिड के काम को खोदे गए गड्ढों को बंद करा दिया था। नाहरा में धरनास्थल पर महापंचायत का आयोजन किया गया था, जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन के अलावा दहिया चौबीसा व गांव नाहरा के ग्रामीणों ने भाग लिया था। फैसला लिया गया था कि मुआवजा मिलने तक काम नहीं होने दिया जाएगा। टावर लगाने के लिए अब तक खोदे गए कई गड्ढों को बुलडोजर से भर दिया था। पुलिस के साथ किसानों की झड़प भी हुई थी।

सोमवार को मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती में कंपनी ने फिर से गड्ढों को खोदने का काम शुरू करा दिया। जिस पर गांव की महिलाएं व कुछ किसान मौके पर पहुंच गए और विरोध करने लगे। कुछ महिलाएं इस दौरान बुलडोजर को रुकवाने भी पहुंची लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया और मौके पर नहीं पहुंचने दिया। इस दौरान काफी देर तक खींचतान होती रही।



सोनीपत। महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकती महिला पुलिस।



सोनीपत। निर्माण स्थल पर बुल्डोजर को रुकवाने जाती महिलाएं।

**काम में बाधा डालने व दुर्व्यवहार का आरोप :** कंपनी के उप महाप्रबंधक एस परमेश्वरन ने कुंडली थाना में सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, धमकी देने व सरकारी अधिकारियों से दुर्व्यवहार करने के आरोप में 16 नामजद समेत करीब 100 किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नामजद किसानों में कई किसान नेता भी शामिल हैं। इनमें भाकियू के युवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पहल, संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य रवि आजाद, नाहरा के सरपंच अधिवक्ता उमेश दहिया, जिला पार्षद राकेश, सतेंद्र, बलजीत डागर, प्रवीन दहिया, जयभगवान, हंसराज राणा, राजेश दहिया, ओमप्रकाश, नसीब, रोजी देवी, सावित्री देवी, संतोष व दया समेत अनेक अन्य किसान शामिल हैं।

**आज फिर से होगी पंचायत :** मुआवजे को लेकर किसानों के साथ प्रशासन व कंपनी प्रतिनिधियों की कोई बात नहीं बनी है। बताया जा रहा है कि प्रशासन ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर की तर्ज पर मुआवजा दिलाने को तैयार है, लेकिन किसान मार्केट रेट से कम पर समझौता करने को तैयार नहीं है। नाहरा प्रधान उमेश दहिया ने बताया कि मंगलवार को धरना स्थल पर फिर से पंचायत होगी, जिसमें आगामी रणनीति को लेकर फैसला लिया जाएगा।

### नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोप

**खरखौदा।** खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली नौ साल की बच्ची के साथ पड़ोस के लडके व उसके साथी ने सामूहिक दुष्कर्म कर दिया। बच्चे घर से भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने गई थी। वहां दोनों लडके उसे ड्रेन की तरफ ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों तलाश में दबिश दी जा रही है।

मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं का एक परिवार खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव में किराए पर रहता है। परिवार की महिला ने बताया कि उनकी रविवार को उनकी नौ वर्षीय बेटी गांव में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए गई थी। उसके बाद उनकी बेटी काफी देर तक घर वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपनी बेटी की तलाश की, लेकिन वह कहीं पर भी नहीं मिली। काफी देर बाद बेटी घर पहुंची और उसने बताया कि पड़ोस का ही एक लडका अपने साथी के साथ उसे बहकाकर ड्रेन के पास ले गया था।

महिला का आरोप है कि बेटी ने बताया कि दोनों ने वहां उसके साथ गलत काम किया। महिला ने दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। जिस पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपितों की तलाश की जा रही है। दोनों का जल्द पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बड़ी के पास कार सेफ्टी टैंक से टकराई, चालक गंभीर

**गन्नौर।** जी टी रोड पर बड़ी गांव के पास पानीपत- दिल्ली मार्ग पर सन्तुलन बिगड़ने के कारण कार की सैफ्टी टैंक में टक्कर लग गई। टक्कर इतनी तेज थी की हादसे में कार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए टौल प्लाजा की एम्बुलेंस से सोनीपत के नीजि अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। सूचना मिलने के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना से एएसआई अशोक कुमार मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त कार को हाईड्रा की मदद से थाने में लेकर आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बजाना गांव निवासी परमबीर अपनी सैन्ट्रों कार को लेकर गन्नौर से सोनीपत जा रहा था जब वह बड़ी गांव के पास पहुंचा तो उसकी सैफटी टैंक में टक्कर हो गई। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे सोनीपत के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ है।



## ढाबे पर खाना खाने आए युवक से मोबाइल छीना

**सोनीपत।** गांव कुराड़ स्थित सुखदेव ढाबा पर खाना खाने आए युवक से बाइक सवार दो युवक मोबाइल छीनकर भाग गए। पीड़ित सुखदेव ढाबे से निकालकर पास ही पार्किंग में जा रहे थे। मुरथल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।गुरुग्राम के पालम विहार निवासी अमित कुमार ने मुरथल थाना पुलिस को बताया कि वह रविवार रात को पत्नी श्वेता व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मुरथल खाना खाने आए थे। उन्होंने कुराड़ स्थित सुखदेव ढाबा पर खाना खाया था। खाना खाने के बाद वह देर रात गर्म-धर्म ढाबा के पास पार्किंग में जा रहे थे। इस बीच बाइक सवार दो युवकों ने उनके पास पहुंचे। वह उनके हाथ से आई फोन-14 प्रो छीनकर भाग गए। इससे पहले की वह कुछ समझ पाते युवक भाग निकले। उन्होंने इसकी सूचना मुरथल थाना पुलिस को दी। पुलिस ने झपटमारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। वहीं एक दिन पहले श्याम नगर में भी बाइक सवार दो झपटमार युवक से मोबाइल छीनकर ले गए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 25 हजार का इनामी हत्यारोपित 13 साल बाद बिहार के छपरा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव राई स्थित किराए के कमरे में अपने सहकर्मी के भाई की हत्या कर भागे 25 हजार के इनामी आरोपित को सीआईए-3 की टीम ने 13 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपित बिहार के जिला छपरा के गांव खाखी मधिया का बर्फी लाल है। उसे छपरा के पुरानी घुरेटी से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस टीम एक आरोपित को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। एसीपी क्राइम राजपाल सिंह ने बताया कि मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला मेरठ के गांव जानी खुर्द निवासी अमरपाल ने 14 अप्रैल, 2011 को राई थाना पुलिस को बताया था कि वह पांच भाई थे। जिसमें वह दूसरे नंबर के हैं और सबसे छोटा भाई नरेंद्र था। उन्होंने बताया था कि वह चार माह से बहालगढ़ में खेवड़ा रोड स्थित श्री इंटरप्राइजेज में नौकरी करते थे। वह बहालगढ़ में किराए पर रहते थे। उनके साथ मूलरूप से बिहार के जिला छपरा के गांव खाखी मधिया का बर्फी लाल भी नौकरी करता था। वह राई गांव में किराए पर रहता था। उसकी व बर्फी लाल की अच्छी जान पहचान हो गई थी। वह उनके घर पर भी जा चुका था। वह भी उसके राई स्थित कमरे पर चला जाता था। बर्फी लाल के कमरे में उसका परिचित मूलरूप से यूपी के जिला बागपत के गांव टिकरी बासा का बृजेश ठाकुर भी रहता था। वह राई औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करता था। उनका छोटा भाई नरेंद्र भी उसके पास आया हुआ था। वह तथा नरेंद्र बैसाखी पर्व की शाम 13 अप्रैल, 2011 को बर्फी लाल के कमरे पर गए थे। बाद में बृजेश भी कमरे पर आ गया था। रात को नरेंद्र, बर्फी लाल व बृजेश शराब पीने लगे थे। अमरपाल ने बताया था कि तब वह खाना खाकर सो गया था। इस पर तीनों और शराब पीने के लिए कमरे से बाहर चले गए थे। सुबह वह उठा तो तीनों कमरे पर नहीं मिले। इसी बीच वह कमरे से बाहर आया तो पता लगा था कि गांव राई में ग्रामीण मनोज के खेत के ट्यूबवेल की हौदी में एक युवक का शव पड़ा है। वह भी मौके पर चला गया था। उन्होंने देखा था कि उनके भाई नरेंद्र का शव पड़ा था। उसके सिर व चेहरे पर चोट के निशान थे। काफी दूर तक खून बिखरा था। खेत में घसीटने के भी निशान थे। अमरपाल ने बृजेश व बर्फी लाल पर उनके भाई की हत्या का आरोप लगाया था। तत्कालीन थाना प्रभारी सुलतान सिंह की टीम ने जांच करते हुए दोनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने बृजेश को पकड़ लिया था।



■ साथ बैठकर शराब पी फिर मार डाला

### बर्फी लाल मांझी को अदालत ने जेल भेजा

एसीपी राजपाल सिंह ने बताया कि आरोपित बर्फी लाल की गिरफ्तारी पर पुलिस ने वर्ष 2020 में 25 हजार रुपये का इनाम रखा था। अब सीआईए-3 में नियुक्त इंचार्ज रविकांत, एएसआई आजाद, हवलदार जोगेंदर, सोमबीर, सुमित व चालक नरेंद्र की टीम ने आरोपित बर्फी लाल मांझी उर्फ तारकेश्वर मांझी को छपरा के पुरानी घुरेटी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में जेल भेज दिया। उसने शराब के नशे में कहासुनी के बाद वारदात को अंजाम देने की बात कही है।

# चचेरे भाई की शादी में शामिल होने आ रहा था युवक, कार के पेड़ से टकराने पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- रोहट से हरसाना की ओर आ रहा था सतपाल, हरसाना मोड़ पर हादसा
- दोस्त सुमित भी था साथ, सुमित का चल रहा हमेडिकल कॉलेज में इलाज

गांव रोहट से चचेरे भाई के शादी समारोह में शामिल होने हरसाना की तरफ आ रहे युवक की कार गांव हरसाना मोड़ पर पेड़ से टकरा गई। हादसे में युवक की मौत हो गई और उनका साथी घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत से शादी की खुशियों में मातम पसर गया है।रोहट निवासी सतपाल रविवार रात को अपने दोस्त सुमित के साथ चचेरे भाई की शादी में शिरकत करने के लिए हरसाना के पास स्थित गार्डन में आ रहे थे। उनकी कार जब हरसाना मोड़ के पास पहुंची तो अचानक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का इंजन गाड़ी से अलग होकर करीब 50 मीटर दूर जा गिरा। वहीं कार टेढ़ी खड़ी हो गई। राहगीरों ने दोनों को कार से निकाला और मामले की जानकारी परिजनों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने सतपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथी सुमित को इलाज के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।



### परिवार की खुशियां मातम में बदली

रविवार को सतपाल के चचेरे भाई की शादी का भोज था। जिसके बाद सोमवार को बरात जानी थी। हादसे के बाद परिवार की खुशी मातम में बदल गई। परिवार के युवक की मौत के कारण शादी की महज औपचारिकता ही हो पाई। ग्रामीण हादसे को लेकर चर्चा करते रहे।

कुछ लोग अपने रिश्ते को बहुत ज्यादा तरजीह देते हैं। रिश्ते जरा से कमजोर हुए नहीं कि ऐसे लोग बहुत विचलित हो जाते हैं। कभी-कभी तो इनके मन में रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना गहरे तक बैठ जाती है। ये अपनों के प्रति हमेशा सशंकित रहते हैं कि हम इन्हें खो ना दें। लोगों के मन में इस तरह रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना क्यों आती है? अपने रिश्ते कैसे हमेशा सहेजे रखें? बहुत जरूरी सलाह।



कवर स्टोरी
विचित्रा दर्गन आनंद
रिलेशनशिप एक्सपर्ट

# रिश्तों में क्यों आती है असुरक्षा की भावना

यह अजीब-सा विरोधाभास है कि व्यक्ति जिससे सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करता है, उसके मन में उसी के लिए सबसे ज्यादा संशय और सवाल भी उठते हैं। यहां असली समस्या रिश्तों की नहीं, मन की उलझनों से जुड़ी होती है, जिन्हें सही वक्त पर सुलझाना बहुत जरूरी है, अन्यथा इनकी वजह से स्ट्रेस और एंग्जायटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कोई व्यक्ति अपने रिश्तों में स्वयं को क्यों असुरक्षित महसूस करता है, ऐसी जटिल मनोदशा से बाहर निकलने के लिए क्या करना चाहिए, हम सभी को इसे जरूर जानना-समझना चाहिए। इस समस्या से कोई भी हमारा अपना या हम स्वयं भी घिर सकते हैं। देखा जाता है, महिलाएं इस तरह की समस्या से ज्यादा घिरती हैं, क्योंकि वे अधिक भावुक होती हैं, समाज में भी पुरुषों की तुलना में उनके अनुकूल परिस्थितियां कम होती हैं।







### दांपत्य जीवन की उलझनें

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि बाहरी रंग-रूप और शैक्षणिक योग्यता आदि को लेकर अगर कोई व्यक्ति अपने जीवनसाथी की तुलना में खुद को कमतर महसूस करता है तो उसके मन में हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि कहीं मेरा पार्टनर मुझे नापसंद तो नहीं करता? ऐसे में पति या पत्नी दोनों में से किसी एक के मन में यह डर बना रहता है कि कहीं मेरा जीवनसाथी मुझे छोड़ तो नहीं देगा?

**क्या करें :** आप दोनों में से जिसके मन में रिजेक्शन का भय हो, उसे अपने साथी से खुलकर बात करनी चाहिए। दोनों की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने पार्टनर के मन में छिपे डर को दूर करने की कोशिश करें, उसकी कमजोरियों को नजरअंदाज करते हुए अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और अपनी पॉजिटिव बातों से अपने जीवनसाथी का मनोबल बढ़ाएं।



### पैरेंटिंग से जुड़ी असुरक्षा

अधिकतर पैरेंट्स अपने टीनएजर बच्चों के व्यक्तित्व और व्यवहार के प्रति सशंकित रहते हैं। उन्हें हमेशा इस बात की चिंता सताती है कि पीयर प्रेशर के कारण कहीं हमारे बच्चे गलत आदतों के शिकार ना हो जाएं, फिर कुछ समय के बाद बच्चे जब करियर में सैटल हो जाते हैं, तो पैरेंट्स को यह चिंता सताती है कि हमारे बच्चे अगर जॉब की वजह से दूसरे शहरों में चले जाएंगे, तो बुढ़ापे में हमारी देखभाल कौन करेगा? युवा हो रही संतान के पैरेंट्स के मन में स्वाभाविक रूप से ऐसी बातें आती हैं।

**क्या करें :** ऐसी समस्या से बचने के लिए आप छोटी उम्र से ही अपने बच्चों के साथ नियमित रूप से बातचीत की आदत विकसित करें, उनके लिए अनुशासन के स्पष्ट नियम बनाएं, उनके साथ आपसी विश्वास और प्यार का रिश्ता कायम करें, ताकि वे आपसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बातचीत कर सकें। आपके बच्चे आपको इनसिक्योर नहीं फील होने देंगे।

### प्रोफेशनल संबंधों से जुड़ी परेशानियां

कॉन्फिडेंस की कमी के कारण प्रोफेशनल जीवन में कई बार लोगों को रिजेक्शन की प्रॉब्लम झेलनी पड़ती है। इससे उनके मन में हीन भावना पनपने लगती है और ऑफिस में वे दूसरों की तुलना में स्वयं को इनसिक्योर महसूस करते हैं।

**क्या करें :** ऐसी स्थिति में अपनी कमजोरियों के बारे में सोचकर चिंतित होने के बजाय सचेत तरीके से उन्हें दूर करने की कोशिश करें और सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से निकटता बढ़ाएं।

### दोस्ती में बढ़ती दूरियां

कुछ लोग अपने दोस्तों पर भावनात्मक रूप से बहुत ज्यादा निर्भर होते हैं, वे अपने हर निर्णय उनसे पूछ कर लेते हैं, ऐसे में जब दोस्त उनके साथ नहीं होता तो उन्हें बहुत घबराहट होती है। कई बार दोस्त की नाराजगी के डर से वे उसकी हर बात मान लेते हैं और उससे भी ऐसी ही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जब कभी व्यस्तता की वजह से दोस्त उनके लिए समय नहीं निकाल पाते तो ऐसे लोग यह सोचकर चिंतित हो जाते हैं कि अब हमारी दोस्ती खतरे में पड़ गई है।

**क्या करें :** दोस्तों के प्रति ज्यादा पजेसिव होने की आदत से बचें, उन्हें थोड़ा पर्सनल स्पेस दें, खुद भी नए लोगों की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाएं, खुश रहें और खुशियां बांटें। ❁

**प्रस्तुति : विनीता**

---

शहद या हनी ऐसा नेचुरल प्रोडक्ट है, जो स्किन केयर में बहुत यूजफुल होता है। हर तरह की स्किन के लिए परफेक्ट हनी को अगर सही तरीके से अप्लाई किया जाए तो कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को दूर किया जा सकता है। साथ ही इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनती है। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।



# ग्लोइंग स्किन के लिए रेग्युलर यूज करें हनी



स्किन केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

शहद हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद होता है। आपका स्किन टाइप कैसा भी हो, शहद की मालिश से उसमें सॉफ्टनेस आती है और इसकी ड्रायनेस कम होती है। शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। इससे स्किन हाइड्रेट होती है और अट्रैक्टिव दिखती है।

### होते हैं कई उपयोगी गुण

शहद का इस्तेमाल ऑयली ही नहीं नॉर्मल स्किन पर भी किया जा सकता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए शहद काफी फायदेमंद होता है। शहद में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम, अमीनो एसिड, कई एंजाइम्स, विटामिन बी, सी और मिनरल्स पाए जाते हैं। शहद एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी है। इसे स्किन पर सही तरीके से रेग्युलर अप्लाई करने से एजिंग साइन की समस्या भी नहीं होती है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन सॉफ्ट रहे तो शहद का उपयोग कर सकती हैं। यह स्किन को न्यूट्रिशन देता है। स्किन पर शहद लगाने से उसमें निखार आता है।



### ऐसे करें अप्लाई

- स्किन पर निखार लाने के लिए दो चम्मच शहद में चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर बने फेस पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे रंगत में निखार आएगा। इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं।
- कांच के बाउल में समान मात्रा में शहद और नीबू रस मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर इस तरह मिश्रण बनाएं कि स्मूथ पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे स्किन सॉफ्ट बनती है।
- अगर आप चेहरे पर दाग-धब्बों से परेशान हैं तो शहद काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल, हल्दी पावडर और शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर इसे प्राकृतिक रूप में सूखने दें और बाद में ताजे, सामान्य पानी से धो डालें।
- एक चुटकी घर में पीसी हुई हल्दी, एक चम्मच शहद और उसमें दो चम्मच कच्चे दूध को मिलाकर चेहरे पर लगा लीजिए और 10 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। आप दूध में केसर भी मिला सकती हैं। ध्यान रखें कि हल्दी घर की पीसी ही हो। इसके नियमित सेवन से फेस पर ग्लो आएगा और स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।
- फेस के साथ बॉडी के अन्य स्किन पर ग्लो लाने के लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे, गर्दन के साथ शरीर के खुले भागों पर लगाएं और अपनी अंगुलियों से सर्कुलर मोशन में मालिश करें। आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।
- अगर आपकी स्किन ड्राय है तो एक चम्मच ताजे दही में आधा चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बने मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर 10-15 मिनट तक मालिश करें। इसे थोड़ी देर बाद पानी से धो डालें। आप इसे दो-तीन दिनों तक नियमित रूप से लगा सकती हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत में निखार लाने के साथ ही उसको बहुत कोमल भी बनाएगा।
- शहद से बना मास्क, स्किन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। इसके लिए चोकर में शहद और गुलाब जल डालकर मास्क बना लें। इस मास्क को अपने फेस पर अच्छे से लगाकर सूखने तक लगा रहने दें और बाद में ताजे साफ पानी से धो डालें। ❁ **प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स**

---

एडवाइस / शिखर चंद जैन

# ऐसे रहेंगी आप हमेशा पॉजिटिव

अकसर मोटिवेशनल स्पीकर, साइकोलॉजिस्ट और बिहेवियर एक्सपर्ट हमें पॉजिटिव रहने के लिए और मन को प्रफुल्लित रखने की सलाह देते हैं। इसके लिए हम क्या करें? आइए, जानते हैं कुछ आसान से उपाय।

**सुबह की शुरुआत हो एनर्जी के साथः** जब आप सुबह उठती हैं, जिस सोच के साथ अपनी दिनचर्या शुरू करती हैं, यही सोच आपके पूरे दिन को अच्छा या बुरा बनने में बड़ी भूमिका निभाती है। सुबह हमेशा एक एनर्जी के साथ और शांत मन से जागें। अपने इष्ट देवों का स्मरण करें। प्रार्थना करें। प्राणायाम करें। आज क्या करेंगी, यह तय करें। देर तक बिस्तर पर न रहें। सुबह जल्दी उठ कर अपने तन-मन को जागृत और सक्रिय करें।

**लोगों के कमेंट्स को करें नजरअंदाजः** लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे। अमुक व्यक्ति ने मेरे बारे में ऐसा क्यों कहा? जरा सोचिए, इन बातों से आपको क्या फर्क पड़ने वाला है? कुछ भी नहीं। इन कमेंट्स पर अगर आप ध्यान देंगी तो आपका ध्यान अपने मूल लक्ष्य से भटक जाएगा। आप लोगों से कदम-कदम पर उलझेंगी। इससे आपके भीतर नेगेटिविटी भरेगी। मन उदास रहेगा और आपकी प्रोडक्टिविटी प्रभावित होगी। बेहतर होगा कि लोगों के कमेंट्स को हवा में उड़ाना सीखें और अपने काम पर ध्यान दें।



**अपनी सोच का दायरा बढ़ाएंः** आप अपनी सोच को जितना व्यापक करेंगी, नई तकनीक और नई बातों के प्रति जानकारी हासिल करने की प्रवृत्ति रखेंगी, उतना ही आप बेकार और नेगेटिव बातों से दूर रहेंगी, क्योंकि तब आपको फिजूल के लोगों और उनकी बेकार की बातों पर ध्यान देने के लिए वक्त ही नहीं मिलेगा। जब आपकी सोच और ज्ञान का दायरा बढ़ेगा तो आप किसी बात को कई आयामों से सोचने लगेंगी। नतीजतन नेगेटिविटी आपके दिमाग पर हावी नहीं हो सकेगी। ❁

### खुद पर दें ध्यान

**अकसर हम** दूसरों को नियंत्रित करने में या उन चीजों को बदलने में अपनी एनर्जी नष्ट करते हैं, जो हमारे बस में नहीं हैं, इससे हमारा मूड खराब होता है। इसी प्रकार हम दूसरों को उनकी मुसीबत के समय उन्हें तरह-तरह की सलाह और उपदेश देते हैं, लेकिन जब अपने पर बीतती है तो घबरा जाते हैं। उदासी में डूबकर हार मानकर बैठते हैं। कहा भी गया है 'परोपदेशो पांडित्यम'। अच्छा होगा कि हम अपने आस-पास के लोगों की परिस्थितियों पर सवाल उठाने के बजाय उनसे सबक लें। दूसरों को सुधारने में वक्त बर्बाद न करें बल्कि खुद को उन्नत करने के लिए तत्पर रहें।

---

इंटीरियर / मधु सिंह

मास्टर बेडरूम या घर का मेन बेडरूम अगर वास्तु के अनुसार व्यवस्थित होगा तो इसका असर उसमें सोने वाले के स्वास्थ्य और घर की समृद्धि पर पड़ता है। कैसा हो आपके बेडरूम का इंटीरियर, यूजफुल सजेशंस।

# ऐसा हो आपका मास्टर बेडरूम

मास्टर बेडरूम का मतलब है परिवार के सबसे बड़े सदस्य या मुखिया का बेडरूम। किसी भी परिवार में घर के अर्निंग मेंबर के रहने और सोने का कमरा खास मायने रखता है। उसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य घर में सुख और समृद्धि लाता है। वास्तु के अनुसार घर के मास्टर बेडरूम का इंटीरियर कैसा होना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

**दिशाएंः** वास्तुशास्त्र के अनुसार मास्टर बेडरूम ऐसी दिशा में होना चाहिए, जहां पर सूर्य की किरणों का सबसे ज्यादा असर रहता है ताकि वहां रहने वाले व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए अनुकूल माहौल मिल सके। इस बेडरूम को दक्षिण पश्चिम दिशा में इस तरह बनाया जाना चाहिए कि सोते समय उसका सिर दक्षिण दिशा में और पैर उत्तर दिशा में हों, क्योंकि वैज्ञानिक रूप से उत्तर दिशा चुंबकत्व की दिशा है, ताकि यह चुंबकत्व व्यक्ति के शरीर से लगातार संबंध को साधे रहे। मास्टर बेडरूम के पलंग के सिरहाने की ओर ठोस दीवार होनी चाहिए। सिर के पीछे कोई भी खिड़की या दरवाजा नहीं होना चाहिए।

**प्रकाश व्यवस्थाः** मास्टर बेडरूम हो या घर के किसी दूसरे सदस्य का बेडरूम, इस कमरे में हल्का प्रकाश रहना चाहिए। घर के दूसरे कमरों की तुलना में यहां कम रोशनी हो। नाइट लैंप की रोशनी के लिए हल्के नीले, दूधिया, हरे रंग का बल्ब इस्तेमाल करें। कभी भी मास्टर बेडरूम में लाल रंग का बल्ब न लगाएं, क्योंकि वास्तुशास्त्र में माना जाता है कि लाल रंग शरीर में अग्नि तत्व की वृद्धि करता है।





**फर्नीचरः** मास्टर बेडरूम में वास्तु के अनुकूल ही फर्नीचर का चयन करना चाहिए। कमरे में भारी भरकम फर्नीचर नहीं होना चाहिए। बेड और साइड टेबल लकड़ी के होने चाहिए। रॉट आयरन या किसी दूसरी धातु के पलंग दिखने में भले अच्छे लगते हों, लेकिन इनके सिरहाने का डिजाइन ऐसा होता है कि इसका आधार ठोस नहीं होता, जिसके कारण पलंग पर बैठने के दौरान पीठ को कोई आधार नहीं मिलता। इसलिए पलंग लकड़ी का होना चाहिए। बेडरूम में रखे दूसरे फर्नीचर के कोने शार्प नहीं होने चाहिए ताकि कमरे में इनके आस-पास से चलते-फिरते समय किसी को चोट न लग जाए।

**रंगों का चयनः** मास्टर बेडरूम चूंकि परिवार के मुखिया के लिए होता है, जो परिवार की सुख, समृद्धि और पूरे परिवार का आधार होता है। उसके मानसिक शांति और दिली सुकून का होना जरूरी है ताकि घर में अच्छा माहौल रहे। इस बेडरूम में गहरे लाल, गहरे हरे या काले रंगों का इस्तेमाल किसी भी चीज में नहीं करना चाहिए। कमरे में हल्के, आकर्षक रंगों का चयन करें। छत सफेद रंग की होनी चाहिए। गहरे रंग भड़कीले लगते हैं। बेडरूम की सौम्यता के लिए हल्के रंग नींद में बाधा उत्पन्न नहीं करते।

**कम हो सामानः** बेडरूम में काम-काज से संबंधित चीजें, कागजात, ऑफिस की फाइलें जैसी चीजें शोकेस में सजाकर नहीं रखनी चाहिए। इस कमरे में किताबों से भरी अलमारियां, शेल्फ, स्लैब्स, कमरे के माहौल को भारी बनाते हैं। सोने के दौरान बार-बार इन्हीं चीजों पर ध्यान जाने के कारण नींद भी अच्छी तरह से नहीं आती। मास्टर बेडरूम ही नहीं घर के किसी भी बेडरूम में भले ही लोग सुविधा के लिए टीवी लगाकर रखते हैं। देखा जाए तो इससे नींद में बाधा उत्पन्न होती है। इसके अलावा टेलिविजन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैगनेटिक तरंगें भी वहां के पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं। इसके अलावा बेडरूम में जलती अंगीठी या हीटर, वाटर बॉडीज नहीं होनी चाहिए। ज्यादा बड़ी खिड़कियां, दरवाजे या बड़े कूलर भी बेडरूम में न रखें। ❁

---

बी-अलर्ट / नम्रता नदीम

आज लगभग हर कोई सोशल मीडिया पर एक्टिव है। महिलाएं भी एक्टिव हैं। इंटरनेट के माध्यम से उनके लोगों से रिश्ते बन जाते हैं। इस वर्चुअल रिलेशन में वे छली न जाएं, किसी मुसीबत में न फंसें, इसलिए बहुत जरूरी है, महिलाएं कुछ सावधानियां बरतें।

# वर्चुअल दिल्लगी से रहें सावधान

इन दिनों अधिकतर मध्यवर्गीय व्यक्ति दिन के अपने कई घंटे वर्चुअल एक्टिविटीज में गुजारता है, इसलिए वर्चुएलिटी का हमारी वास्तविक जिंदगी का हिस्सा होना स्वाभाविक है। किसी से इश्क या लगाव भी इसी गतिविधि का नतीजा है। लेकिन महिलाओं के लिए साइबर दुनिया अभी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। इसलिए कुछ बातें जाननी जरूरी हैं।

**खतरों से अनभिज्ञः** यह सही है कि आज के दौर में वर्चुअल लाइफ महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा भले बन गई हो, लेकिन इसके लिए अकसर उनमें जरूरी समझदारी नहीं होती। इस दुनिया में रिश्तों को लेकर कैसी सावधानी बरतनी है, क्या-क्या खतरे हैं, इससे अधिकांश महिलाएं परिचित नहीं हैं।

**साइबर इश्क की कड़वी हकीकतः** हम आपको एक उदाहरण के जरिए साइबर दुनिया की वास्तविकता से परिचित करना चाहेंगे। मान लीजिए किसी अंजान शख्स से आप ऑनलाइन संपर्क में आती हैं। वह आपको प्रेमपत्र लिखता है। आपकी भी उसमें दिलचस्पी बढ़ती है। लेकिन एक मिनट बाद ही वह लापरवाही से ऑफलाइन होते हुए कहता है, 'जाना होगा, बाद में बात करेंगे।' आपकी प्रतिक्रिया जाने बगैर वह संपर्क तोड़ देता है। अब सारा दिन आप यही सोचती हैं कि वह ऑनलाइन कब आएगा? आप जानती हैं कि यह सब अतार्किक है, लेकिन वह व्यक्ति जो वर्चुअल वर्ल्ड के दूसरे छोर पर बैठा है, उसने आपके दिल-दिमाग में हलचल पैदा कर दी है। और अब वह संपर्क भी नहीं कर रहा। यह साइबर वर्ल्ड के इश्क की कड़वी हकीकत है। इसे समझने की जरूरत है।





**नेगेटिव-पॉजिटिव पहलुओं पर दें ध्यानः** आप जब भी वर्चुअली किसी से जुड़ें तो इसके नेगेटिव और पॉजिटिव दोनों ही पहलुओं पर ध्यान दें। मसलन, जो आप देख रही हैं, क्या वही आपको मिल रहा है? हमेशा नहीं मिलता। यह बात दोनों पर ही लागू होती है। आप पर भी और आपके चैटिंग साथी पर भी। जो कुछ आप ऑनलाइन पोस्ट करती हैं, वह सही या गलत दोनों किस्म के लोगों को आकर्षित कर सकता है। आपकी दिलचस्पियों में भी वैरायटी होनी चाहिए ताकि विभिन्न किस्म की दिलचस्पियों वाले लोग आपकी प्रोफाइल की ओर आकर्षित हों। लेकिन भूलकर भी कभी अपना एड्रेस और फोन नंबर न दें। ई-मेल आईडी ही पर्याप्त है, क्योंकि इससे आपको अपनी मर्जी के अनुसार लॉगआउट करने की आजादी रहती है। अगर आप गलत किस्म के लोगों से बचना चाहती हैं तो यह बात लाजिमी तौर से ध्यान में रखें।

**धीरे-धीरे बढ़ें आगेः** जब भी किसी के साथ ऑनलाइन 'हाय-हैलो' की शुरुआत करें, तो आरंभ में गति धीमी और बातचीत कैजुअल रखें। सीधे और साधारण संदेशों से जो बातें आगे बढ़ती हैं, वह ही सही ढंग से दोस्ती/डेटिंग में डेवलप हो सकती है। इस बात का ध्यान रहे, बातचीत में हल्की-फुल्की फ्लर्टिंग तो ठीक है, लेकिन जो लड़का द्विअर्थी संदेश भेजे, उसे अलविदा कह दें, यानी दूरी बना लें, वरना आगे आप मुसीबत में फंस जाएंगी। ❁

### पारिवारिक फोटो ना करें शेयर

**पर्सनल फोटोग्राफ** व्यक्तिगत संपत्ति होते हैं, इसलिए उन्हें परिवार के लिए ही सीमित रखें। इन फोटोग्राफ का वेब पर इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। इसके अलावा आपकी पारिवारिक तस्वीरों में किसी की भी दिलचस्पी नहीं होती। भला कौन आपको जानने से पहले आपके परिवार की तस्वीरें देखना चाहेगा? इसलिए सब कुछ साधारण रखें और सिर्फ अपने अकेले की तस्वीर पोस्ट करें। हमेशा अपने अकाउंट को सिक्योर रखें ताकि कोई भी आपकी तस्वीर के साथ कुछ बदलाव न कर सके।

## खबर संक्षेप



### धार्मिक अनुष्ठान के साथ नया शैक्षणिक सत्र शुरू

**खरखौदा।** सांपला मार्ग स्थित ए .पी. गर्ग पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का हवन यज्ञ करके शुभारंभ किया गया। जिसमें स्कूल के प्रबंधक मोहनलाल गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, अध्यापकगण और स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रथम दिन विद्यार्थियों ने भाषण और सुविचार के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल प्रबंधक मोहनलाल गुप्ता ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के बारे में जानकारी देकर जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

### वरिष्ठ नागरिकों का जन्मदिवस मनाया

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज सेक्टर-14 में मासिक आध्यात्मिक सत्संग व अप्रैल मास में जन्म लेने वाले सदस्यों का जन्मदिन समारोह मनाया। वैदिक प्रवक्ता महात्मा वेद मुनि के नेतृत्व में यज्ञ का आयोजन किया गया। अप्रैल माह में जन्म लेने वालों को आमंत्रित किया गया। जिसमें प्रभा नागपाल, ओम प्रकाश नागपाल व जगदीश चंद किनरा को मुख्य यजमान बनाया गया।
यज्ञ के बाद ब्रह्मा ने प्रवचन में कहा कि सब सत्य विद्या व जो पदार्थ विद्या से जानें जाते हैं उनका आदिमूल परमेश्वर है।

### मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बदला, अब 9 को आएंगे

**महम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत भाजपा के कई दिग्गज नेताओं की महम में 6 अप्रैल को जनसभा होनी थी। जनसभा के इस कार्यक्रम में अब बदलाव किया गया है। भाजपा के स्थानीय कार्यालय प्रवक्ता नरेश बड़ाभैण ने बताया कि अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनसभा महम अनाज मंडी में 9 अप्रैल को होगी। स्थानीय भाजपा नेता और कार्यकर्ता इस जनसभा की तैयारियों में जुट गए हैं।

### नारेबाजी कर गांव की कॉलोनी में ट्रांसफार्मर की मांग की

# बिजली किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

गांव नाहर के ग्रामीणों ने सोमवार को बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय पर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव नाहर के ग्रामीणों ने सोमवार को बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में धरना दिया। बिजली किल्लत के चलते परेशान ग्रामीण सोमवार को कुंडली स्थित बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय पहुंचें थे। उन्होंने बिजली अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गांव की कॉलोनी में ट्रांसफार्मर की मांग की। ग्रामीण छोटे लाल यादव, सिंधु मिश्रा ने बताया कि दिल्ली बॉर्डर के नजदीक नाहरी गांव की जमीन पर कॉलोनी बसी हुई है। वर्ष 2019 में मीटर लगा गए थे, लेकिन बिजली नहीं मिल रही है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। बिजली न आने के बावजूद लोगों के पास हजारों रुपये की राशि के बिल लगातार आ रहे है। उन्होंने कहा कि अगस्त 2023 में कॉलोनी को सरकार ने वैध कर दिया था, लेकिन उसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलोनी से 500 मीटर दूरी पर एक ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ट्रांसफार्मर पर ज्यादा लोड होने की वजह से लगातार बिजली बाधित रहती है। कई कई दिन तक कॉलोनी वासियों को बिना बिजली के रहना पड़ता है।ऐसे में ग्रामीणों ने प्रदर्शन करने के लिए मजूबर होना पड़ा। धरने पर किसान सभा के वरिष्ठ नेता श्रद्धानंद सोलंकी, सीटू की जिला उप प्रधान सुनीता, सीटू जिला सह सचिव पूनम, पम्मी व सुमन भी पहुंचे। साथ ही एलान किया कि जब तक कॉलोनी में बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से चालू नहीं की जाएगी। उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं जब इस बारे में उपमंडल अभियंता सतीश गोयत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नाहरी गांव के पास वैध कॉलोनी में दो ट्रांसफार्मर रखे जाने है। इसका एस्टीमेट बनाकर अधीक्षण अभियंता के पास भेजा गया है। मंगलवार को अधीक्षण अभियंता से फाइल मंजूर होने के बाद कॉलोनी में 10 दिन में 100-100 केवी के दो ट्रांसफार्मर रखवा दिए जाएंगे।

## छात्रों ने किया भिवानी का औद्योगिक भ्रमण

- कॉलेज की तरफ से असिस्टेंट प्रोफेसर शकुंतला डांगी ने छात्रों व छात्राओं का मार्गदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। औद्योगिक भ्रमण करते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

गेटवे इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की तरफ से मैनेजमेंट विभाग के छात्रों के लिए ग्रासिम इंडस्ट्रीस लिमिटेड,भिवानी में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमे बीबीऐ चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों व छात्राओं ने भाग लिया । कॉलेज की तरफ से असिस्टेंट प्रोफेसर शकुंतला डांगी ने छात्रों व छात्राओं का मार्गदर्शन किया।
ग्रासिम इंडस्ट्रीस में छात्रों ने सबसे पहले आटोमेटिक मिक्सिंग प्लांट को देखा। उसके भिन्न उत्पाद प्रोडक्शन प्लांट, प्रोसेसिंग प्लांट आदि का भ्रमन किया। ग्रासिम इंडस्ट्रीस की तरफ से श्री वीरेंदर जी लफऊ प्रमुख ने सभी प्लांट्स का एक एक करके भ्रमन करवाया जहाँ पर छात्रों ने सभी निर्माण प्रक्रियाओं को बारीकी से देखा व समझा और अंत में सभी छात्रों को कंपनी के उत्पाद स्टोर पर ले जाया गया, जहा उन्होंने कंपनी के सभी उत्पादों को देखा। इस औद्योगिक भ्रमण पर गीता कुकरेजा सहायक ट्रैनिंग एवं प्लेसमेंट भी मौजूद रही।

## तीन माह पहले जहर देने में केस दर्ज

- ससुराल पक्ष पर विवाहिता का आरोप, जलाने के बाद कमरे में बंधक बनाकर रखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

कच्चे क्वार्टर की रहने वाली विवाहिता ने प्रगति नगर में रह रहे ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि महिला को तीन माह पहले जहरीला पदार्थ पिलाया गया। साथ ही बाद में जलाने और धमकाकर कमरे में बंधक रखा गया। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच व चिकित्सक की राय लेकर मामले में अन्य धारा भी जोड़ी जा सकती है। कच्चे क्वार्टर की रहने वाली मीनू का आरोप है कि उनकी शादी करीब पांच साल पहले प्रगति नगर में हुई थी। शादी में मायका पक्ष ने दहेज भी दिया था। उसके बावजूद उन्हें ज्यादा दहेज के लिए परेशान किया जाता था। 24 दिसंबर, 2023 को ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर उसे जहरीला पदार्थ पिला दिया था। बाद में आग भी लगा दी थी। इस बीच किसी तरह उसकी जान बच गई। ससुराल वालों ने चुपचाप डेढ़ महीने तक उसका इलाज रोहतक में करवाया था। उन्होंने उसे पुलिस के सामने बयान तक नहीं देने दिए। इस बीच जब उनके मायके वाले उसे कॉल करते तो उसकी बात नहीं होने दी जाती थी। उसने परिजनों को बताया था कि वह रोहतक शिफ्ट हो गए हैं और अब वहीं रहते हैं।

## यज्ञ के साथ शैक्षणिक सत्र हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा


खरखौदा। यज्ञ में आहुति डालते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

प्रताप स्कूल खरखौदा में सोमवार को विद्यालय के 25 वें शैक्षणिक सत्र 2024-25 का संसार के श्रेष्ठ कर्म वैदिक मंत्रोच्चारण एवं यज्ञ के साथ शुभारंभ हुआ। विद्यालय प्रबंधन समिति, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, डॉ दीपिका, संपूर्ण स्टॉफ, प्रशिक्षकों और अभिभावकों ने यज्ञ में आहुति दी। सभी ने सत्र 2024-25 में अत्यधिक समर्पण और मेहनत करके विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के चहुँमुखी विकास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, खेल निदेशक प्रताप स्कूल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा सबसे पहले हमारा स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए, क्योंकि हमारा स्वास्थ्य अच्छा होगा तभी हम चहुँमुखी विकास कर सकते हैं। प्राचार्या दया दहिया ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हम अनुशासन एवं संस्कारित होकर ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त करते हुए यह सिद्ध किया है कि मेधावी विद्यार्थी खेल में भी अच्छी मेहनत कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर सकता है।

### आग से झुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत

**गन्नौर।** भोगीपुर (राजलू गढ़ी) में 23 वर्षीय आग में झुलस महिला ने पीजीआई रोहतक में उपचार के दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया, जहां उसका भोगीपुर (राजलू गढ़ी) में अंतिम संस्कार कर दिया गया। महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। ज्ञात रहे कि मामले में एचएसआईआईडीसी बड़ी थाना पुलिस ने पति व सास के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। महिला ने सुसाइड नोट लिखने के बाद खुद को आग लगाई थी। आग लगने से वह 70-80 - फीसदी झुलस गई थी। मामले में लेकर आरोप है महिला ने यह कदम - अपने पति व सास के तानों से तंग - आकर उठाया था। उसे प्रताड़ित किया जाता था।

## वेतन को लेकर सफाईकर्मी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा


खरखौदा। परशुराम पार्क में बैठक में भाग लेते ग्रामीण सफाईकर्मी।

ग्रामीण सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर परशुराम पार्क में बैठक की। सफाई कर्मियों ने बताया सरकार एक तरफ तो सफाई कर्मियों को करोना योद्धा, सफाई सैनिक का दर्जा देती है और दूसरी तरफ कई कई महीने का वेतन रोककर शोषण किया जाता है। समय पर वेतन भुगतान न होने कारण सफाई कर्मियों काफी दिक्कतों का सामने करना पड़ता है। बैठक की अध्यक्षता खरखौदा ब्लॉक प्रधान रोहतास तथा संचालन यूनियन सचिव चांद द्वारा किया गया। बैठक में सफाई कर्मियों के जिला प्रधान राजेश रसोई व जिला सचिव राजेश टोकी के नेतृत्व में हुई। यूनियन नेताओं ने बताया कि जनवरी 2023 में सरकार के साथ सालाना वर्दी धुलाई भत्ता, सालाना 1200 रू, सफाई के औजारों का भत्ता 2000 रू, तथा सालाना 3%वेतन बढ़ोतरी पर सहमति बनी थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि जयंती के बाद 1000 रू वेतन बढ़ोतरी घोषणा की थी। 3 प्रतिशत सालाना वेतन बढ़ोतरी को छोड़कर बाकी मांगों के पत्र दिसंबर 2023 में जारी हो चुके हैं। लेकिन तीन महीने बाद भी सफाई कर्मियों को एक भी लाभ नहीं मिला है। रुके हुवे वेतन मांग को लेकर ब्लॉक अकाउंटेंट राणा ने आश्वाशन दिया है कि अप्रैल माह का बजट आते ही आपका वेतन तुरंत भुगतान किया जाएगा।

## फैंसी ड्रेस में बच्चों ने लिया हिस्सा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

- समाज सेवा समिति की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचीं पूर्व मंत्री कविता जैन का स्वागत करते हुए।

समाज सेवा समिति की ओर से सोमवार को मुरथल रोड स्थित निजी गार्डन में एक शाम समाज सेवा समिति सोनीपत परिवार के नाम, पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने फैंसी ड्रेस स्पर्धा में भाग लिया। साथ ही देश भक्ति, भजन, प्रादेशिक नृत्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। विजेता प्रतिभागी को अतिथियों की ओर से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम गीता गुप्ता व कैलाश गुप्ता की छत्रछाया में आयोजित किया गया। इनमें बृजेश गुप्ता व संगीता गुप्ता का सानिध्य रहा। मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मंत्री कविता जैन व मास्टर राजपाल चुघ पहुंचे। अतिथियों का स्वागत संस्था के मुख्य सरपरस्त पवन गोयल, संयोजक शशीकरण नासा, प्रधान रत्नेश बत्रा, सह संयोजक जितेंद्र रेलन ने किया। समिति के प्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र सेठी ने बताया कि कार्यक्रम में सबसे बुजुर्ग महिला व पुरुष को सम्मानित किया गया। जलेबी जंपिंग खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले सेवानिवृत्त पुरुषों को सम्मानित किया गया। पारिवारिक मिलन में 4 से 5 बजे तक पधारे उन्हें अनुशासन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समिति के सदस्य शशिपाल अरोड़ा ने तंबोला गेम खिलाया। जिसमें जीतने वालों को नकद राशि व गिफ्ट आइटम प्रदान किए गए। मंच संचालन प्रियंका मुंजाल ने किया। इस दौरान निगम पार्षद इंदू वलेजा, बबीता कौशिक, संतोष शर्मा, रंजना कुकड़ेजा, ऊषा भंडारी, पुष्पा नारंग, हर्ष छाबड़ा, हर्ष प्रभा नासा, बिमला वर्मा, प्रवेश रोहिल्ला, दीपिका, सतीश अरोड़ा, दिनेश तनेजा,लक्ष्मी नारायण, सुरेश रेलन, शिवदयाल, श्यामलाल चावला, ओमप्रकाश मुंजाल, मनोहर नारंग आदि मौजूद रहे।

### मेधावियों का पुरस्कार देकर सम्मान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट द्वारा सोमवार को शहर में सोनीपत टी प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में अपना साप्ताहिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 48 लोगों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा।
शिविर के मुख्यातिथि समाजसेवी विजय जिंदल रहे। अध्यक्षता उषा गगनेजा ने की और संयोजन सेवा सिंह ढुल और स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। सुरेंद्र विश्वास नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक हैं।

## मंडी में जारी रही सरसों की खरीद, मिली नमीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले की मंडियों में सोमवार को सरसों की खरीद जारी रही। हैफेड की ओर से 3691 क्विंटल सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गई। गन्नौर में 1350 क्विंटल, सोनीपत मंडी में 893 क्विंटल, गोहाना मंडी में 928 क्विंटल व खरखौदा मंडी में 520 क्विंटल सरसों की खरीद की। वहीं सोनीपत अनाज मंडी में 850 क्विंटल धान पहुंचा। इस दौरान प्राइवेट मिलर्स की ओर से 4600 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदा गया। जिले की मंडियों में सोमवार को भी सरसों की सरकारी खरीद जारी रही। गन्नौर अनाज मंडी में रोजाना सबसे ज्यादा सरसों की आवक व खरीद हो रही है। सोमवार को मंडी में 1632 क्विंटल सरसों पहुंची। जिसमें से 1350 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। बाकी सरसों में नमी बता कर हैफेड कर्मियों ने सुखाने के लिए कहा। इसके बाद किसानों ने मजदूरों की मदद से सरसों को फैलाया गया। अधिकारियों की ओर से किसानों से अपील की जा रही है कि वह अपनी फसल को सुखाकर मंडी में लेकर पहुंचे। आठ फीसदी से ज्यादा नमी मिलने पर सरसों की खरीद नहीं की जाएगी।

**गन्नौर मंडी में सबसे ज्यादा खरीद**

*अब तक जिले में गन्नौर मंडी में सबसे ज्यादा सरसों की खरीद हुई है। सरकार के नियमानुसार किसानों की सरसों खरीदी जा रही है। जिन किसानों की सरसों की फसल में नमी है, उनको सुखाकर दोबारा मंडी लाने के लिए कहा गया है।*
उमाकांत शर्मा, डीएम, हैफेड

### स्टॉक की हुई धान लेकर पहुंचें किसान

गेहूं का सीजन शुरू हो चुका है, लेकिन सोनीपत में रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी का नजारा अलग ही देखने को मिला। गेहूं के सीजन में अनाज मंडी में अब वह किसान धान लेकर पहुंच रहे हैं, जिन्होंने सीजन के समय अपेक्षाकृत भाव न मिलने पर धान का स्टाक कर लिया था। सोमवार को धान की आवक व खरीद हुई। सोमवार को 850 क्विंटल धान की खरीद हुई।

## केशव बलिराम हेडगेवार को जयंती पर नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित स्थानीय गीता विद्या मंदिर में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर केशव बलिराम हेडगेवार की जंयती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गुरु-शिष्यों ने हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। इसके साथ ही विद्यालय में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का भी शुभारंभ हुआ।
कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। उन्होंने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म 1 अप्रैल 1889 को नागपुर के एक ब्राह्मण परिवार में पंडित बलिराम पंत हेडगेवार के घर हुआ। हेडगेवार ने 1925 में विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। इसके साथ ही विद्यालय में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया। हवन में गुरु-शिष्यों ने सामूहिक रूप से मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली।


1 जीओएच 3 में-हवन में आहुतियां डालते हुए गुरु-शिष्य। फोटो : हरिभूमि

### महर्षि वाल्मीकि चौक निर्माण की मांग

**सोनीपत।** सीआईटीयू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी अपनी मांगों को लेकर मेयर निखिल मदान से मिले। सफाई कर्मचारियों ने मांग करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि चौक का निर्माण करके उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस पर मेयर निखिल मदान ने यूनियन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि जल्द ही जगह का चयन करके चौक का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन प्रधान अजय कुमार टांक, कोषाध्यक्ष पवन, सचिव मुकेश टांक, मदन, सुरेश, अजय, विकास, युधिष्ठिर, सुमित, जीतसिंह, सुनीत, रविंद्र, सुमित्रा समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## गोवंश की तस्करी के आरोप में पकड़े दो युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

गांव कामी बाईपास के पास से गोरक्षा दल के सदस्यों ने गोवंश की तस्करी के आरोप में दो युवकों को पकड़ा है। इस दौरान उनका एक साथी भाग निकला। उनके चंगुल से गोवंश को छुड़वाया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।
गोरक्षा दल हरियाणा के सदस्य आचार्य नरेंद्र आर्य ने पुलिस को बताया कि 31 मार्च की रात को उन्हें सूचना मिली थी कि दो गाडिय़ों में गोवंश भर कर ले जाया जा रहा है। गाड़ी गन्नौर रोड पर गांव भूरी के पास से जाएगी। जिसके बाद वह सदस्यों के साथ कामी रोड पर पहुंच गए। गोहाना-कामी बाईपास के निकट गाड़ियों को रुकवाने की कोशिश की गई तो वह गाड़ी भगाने लगे। प्रशासन की सहायता से गाड़ी को रुकवा कर दो तस्कर दिल्ली के शालीमार सिंगलपुर के उदय और सिंगलपुर की गली नंबर-2 निवासी शरीफ को मौके पर पकड़। जबकि उनका तीसरा साथी सिंगलपुर की गली नंबर-1 निवासी मिथलेश भाग गया। गाड़ियों की जांच की तो उसमें गोवंश था। आरोपी उनके मेडिकल या दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को दिए करियर संबंधी टिप्स

## बाल भारती विद्यापीठ में मेधावियों का सम्मान

समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना


गोहाना। अतिथिगणों को सम्मानित करते हुए एमडी हरि प्रकाश गौड़ । फोटो : हरिभूमि

शहर में बरोदा रोड पर स्थित बाल भारती विद्यापीठ द्वारा वार्षिक परीक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में कक्षा 1 से 9 और 11 के सत्र 2023-24 जब कि सीबीएसई परीक्षाओं के कक्षा 10 और 12 के 2022-23 के उन बच्चों को सम्मानित किया गया जो अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम तीन स्थानों पर रहे। मुख्य अतिथि गोहाना नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी इंद्रजीत विरमानी रहीं। विशिष्ट अतिथि पदमश्री से सम्मानित हरियाणवी लोक कलाकार महावीर गुड्डू रहे। अध्यक्षता स्कूल के एमडी हरि प्रकाश गौड़ ने की। संयोजन स्कूल की प्रिंसिपल सुमन कौशिक का रहा। नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभिमन्यु और वंश, स्केटिंग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोहा मनवाने वाले आशीष मलिक, एस.जी.एफ.आई. के राष्ट्रीय आयोजन में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले आयु मलिक को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### अनुज ने 57 किलो में जीता स्वर्ण पदक

**खरखौदा।** नोएडा में हुई अंडर 15 कुश्ती प्रतियोगिता में अश्वनी अखाड़े के पहलवान अनुज ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गांव रामपुर कुंडल निवासी पहलवान अनुज के गोल्ड मेडल जीतने पर ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत किया गया। अखाड़े में भी अलग से स्वागत किया। इस मौके पर गुलाबे, ब्रह्म, नरेश, सतीश, नाहना, अनिल, कृष्ण, अशोक, मांगे, जय, सोनू, प्रमोद, रमेश उपस्थित रहे व खिलाड़ी का नोट माला, घी से स्वागत किया।

### निजी स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन प्रारंभ

**सोनीपत।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत निजी विद्यालयों में दाखिला लेने के लिए सोमवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से करने होंगे। आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही अभिभावकों की परेशानी भी शुरू हो गई है। मॉडल टाउन स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे अभिभावकों ने आरोप लगाया गया कि आवेदन करने की पूरी जानकारी उन्हें नहीं दी गई। अधिकारियों से पूछने पर भी कोई जवाब नहीं दे रहा।

### पत्नी से बातचीत के शक में की थी हत्या, आरोपित काबू

**सोनीपत।** गांव कुमासपुर के पास स्थित ताऊ देवीलाल पार्क में पूर्व सिक्योरिटी गार्ड के ब्लाइंड मर्डर से बहालगढ़ थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित यूपी के जिला बदायूं के गांव नगला निवासी दीपक है। वह फिलहाल बहालगढ़ क्षेत्र में किराए पर रहता था। उसे शक था कि पूर्व सिक्योरिटी गार्ड उसकी पत्नी से बातचीत करता है। इसके चलते वारदात को अंजाम देने की बात कही है। पुलिस ने अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। बरेली के गांव तेजगांव निवासी इमरान अली का शव 28 मार्च को स्थित ताऊ देवीलाल पार्क में लहूलुहान हालत में मिला था।

### संजय बागड़ी को बनाया संयोजक

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने संजय बागड़ी को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर संजय बागड़ी ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया है।

## मंत्रों व हवन के साथ ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ

# हवन भारतीय संस्कृति का आधार : सुधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में मंत्रों और हवन की आहुतियों के साथ सोमवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सुधीर जैन ने कहा कि हवन यज्ञ प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति का आधार रहा है। यज्ञ श्रेष्ठ कर्म है, जिसे किसी भी शुभ कार्य के लिए बहुत ही फलदायक माना गया है। नए शिक्षा सत्र पर हवन यज्ञ करवाना और भी लाभकारी है। इससे विद्यार्थी पुरानी वैदिक परंपरा से भी जुड़े रहते हैं। इस मौके पर अध्यापिका गीता राणा, नीरजा, महक, काजल, ज्योति, संगीता, श्वेता, रितु सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे । ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में हवन के साथ शाला प्रवेशः ऋषि कुल वर्ल्ड अकादमी में शाला प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मां सरस्वती की आराधना के साथ हवन कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा, निर्देशिका रीमा शर्मा, प्रधानाचार्य चंचल शर्मा के साथ समस्त वर्ल्ड अकादमी परिवार उपस्थित रहा। हवन के पश्चात नीरज शर्मा ने सभी को आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। छात्रों ने भी भाषण एवं कविता के माध्यम से अपने संकल्पों और विचारों को सभी की समक्ष रखकर सराहनीय प्रयास किया। इस अवसर पर छात्रों को पुस्तकें भी वितरित की गई।

### नए शिक्षा सत्र पर हवन करवाना बहुत लाभकारी



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों व स्टाफ संग हवन में आहुति देती प्राचार्या गीता चोपड़ा। *फोटो :हरिभूमि*



ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रबंधक एवं अन्य।

### ऋषिकुल विद्यापीठ में शाला प्रवेश संस्कार का आयोजन



ऋषिकुल विद्यापीठ में शाला प्रवेश संस्कार का आयोजन गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन द्वारा की गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने मंत्रोच्चारण कर हवन में आहुति दी। तत्पश्चात छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वाइस प्रिंसिपल क्रीति ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का अत्यंत महत्व है। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने छात्रों को नए सत्र की बधाई दी। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने छात्रों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं दी।

### जैन विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया शाला प्रवेश



जैन विद्या मन्दिर में शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ शाला प्रवेश कार्यक्रम से हुआ। विद्यालय के आडिटोरियम में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबन्धक कमेटी के सभी सदस्यों, प्रधानाचार्या, अध्यापकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रबन्धक कमेटी के सदस्यों व प्रधानाचार्या ने हवन में आहुति डालकर विद्यालय के विकास की मंगल कामना की। नए सत्र के आरंभ होने के साथ-साथ 11 वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रधान राकेश जैन, उपप्रधान पवन जैन, सचिव शशि भूषण जैन व प्राचार्या डा० नीरू ने सभी छात्रों तथा अध्यापकों को नए सत्र आरंभ होने की बधाई दी।

### सर छोटूराम स्कूल में हवन के साथ नया सत्र शुरू



**सोनीपत।** रतनगढ़ माजरा स्थित सर छोटूराम स्कूल में सोमवार को हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जगदीश लोहचब व कविता लोहचब, प्रबंधक बिमला दहिया, प्राचार्य डॉ. मेहर सिंह आर्य, उप प्राचार्य अनीता लोहचब ने यज्ञ में आहुति डालकर इसे संपन्न किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सोनीपत। दिल्ली विद्यापीठ में कार्यक्रम के दौरान हवन करते विद्यार्थी साथ में अन्य।

### दिल्ली विद्यापीठ में संस्कारोत्सव

**सोनीपत।** दिल्ली विद्यापीठ में आज हुआ बच्चों का धूमधाम से संस्कारोत्सव शाला प्रवेश के मौके पर यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में 11 हवन कुंडों सहित यज्ञ का शुभारंभ किया गया। गायत्री विद्यापीठ परिवार की तरफ से दिल्ली विद्यापीठ प्रांगण में मंत्रोंच्चारण किया गया । सभी दिल्ली विद्यापीठ के बच्चों को पंक्तिबद्ध करके उन्हें तिलक लगाया गया और यज्ञ में सभी से आहुतियां दिलाई गई। इस यज्ञ में यजमान के तौर पर दिल्ली विद्यापीठ संचालक वीर सिंह सैनी अपनी धर्मपत्नी व बच्चों समेत विराजमान रहे।

### हवन कर नये शैक्षणिक सत्र का किया शुभारंभ



**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल व नालंदा वर्ल्ड स्कूल में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में गुरु और शिष्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुतियां डाली। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता नालंदा इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र मलिक और नालंदा वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्या अनुपमा चौधरी ने की। प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने विद्यार्थियों को पूरी लग्न व अनुशासन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और मन में सच्ची लग्न जीवन में सफलता के आधार हैं। नालंदा वर्ल्ड स्कूल के आयोजन में श्वेता, सोनम, ऋतु, शिवा कुमारी, अंजलि और शिवानी का विशेष योगदान रहा।

### राजकीय विद्यालयों में मनाया प्रवेश उत्सव, करवाए हवन

**गोहाना।** सोमवार को शैक्षणिक खंड गोहाना और मुंडलाना के राजकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। अधिकतर विद्यालयों में सुबह हवन करवाया गया। हवन में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने आहुति डाली। राजकीय वमावि खन्दराई, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूरनखेड़ा और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोदा में शैक्षणिक खंड गोहाना के बीईओ बसंत ढिल्लों मुख्यातिथि रहे। बीईओ ने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर खूब पढ़ें। जब वे मेहनत करेंगे तभी सफलता मिलेगी। गांव गढ़ी सराय नामदार खां स्थित राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल में पहली कक्षा व बाल वाटिका में 19 बच्चों ने दाखिले लिए। शिक्षकों ने दाखिले लेने वाले बच्चों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

### रेडियो व टीवी कलाकार सूरज भाजपा में शामिल

: सोनीपत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा के कार्यालय पर हरियाणा के रेडियो व टीवी कलाकार सूरज कुमार शामिल हुए। जसबीर दोदवा ने बताया कि हरियाणा के रेडियो व टीवी कलाकार सूरज कुमार पिछले कई सालों से समाज में अपनी कला के द्वारा आमजन को जागरूक करते आ रहे हैं। इन्होंने अनेको फिल्मों, टीवी चैनलों मे बतौर अभिनेता व निर्देशक के रूप में कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी कलाकारों का बहुत सम्मान करती हैं। कलाकार सूरज कुमार ने कहा कि पार्टी ने जो मुझ पर विश्वास जताया है वे उस पर खरा उतरेंगे। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।



सूरज कुमार को पटका पहनाते भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

### पांच साल बेमिसार कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में संस्था के पांच वर्ष पूरे होने की खुशी में पांच साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा. जय किशोर, सेवानिवृत्त आईपीएस सुमन मंजूरी, मेयर निखिल मदान, पूर्व मंत्री कविता जैन आदि के साथ गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की शुरुआत 2019 में हुई थी और आज इन पांच वर्षो में 1,00,000 से अधिक लोगो को विभिन्न प्रकार के सहयोग कर चुकी है। शिक्षा, चिकित्सा, पोषण, पर्यावरण, जीव दया जैसे 13 से अधिक सेवा क्षेत्रों में कार्यरत है। इस मौके बच्चो द्वारा नुक्कड़ नाटक, नृत्य प्रस्तुति, प्ले, कविता आदि के माध्यम से संस्कृत कार्यक्रम में रंग लगाए गए और संस्था की डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गयी। इस मौके पर डॉ. सुरेश जैन, रमेश जैन, परवीन जैन, विनोद जैन, डॉ. आरके गुप्ता, प्रियंका, मीनू अग्रवाल , शारदा रेलन, रुपिंदर कौर, तान्या आदि मौजूद रहे।

### एक परिवार के 5 सदस्यों सहित 39 ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को शहर के शिव नगर स्थित धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत कुल 39 नागरिकों ने रक्तदान किया। इस शिविर में तीन महिलाओं ने रक्तदान किया जिनमें से दो रक्तदाता महिलाएं रहीं। रक्तदान शिविर सोनीपत जिला परिषद की पूर्व चेयरपर्सन कमला भावड़ के सानिध्य में लगा। उनके परिवार द्वारा आयोजित यह पांचवां वार्षिक रक्तदान शिविर था। मुख्य अतिथि सोनीपत संसदीय क्षेत्र के निवर्तमान सांसद जीतेंद्र मलिक थे। विशिष्ट अतिथि गोहाना केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप चहल के साथ समाजसेवी हरविंद्र दहिया रहे। रक्त के संकलन के लिए सोनीपत के रोटरी ब्लड सेंटर की टीम आई। रक्तदान शिविर की अध्यक्षता पूर्व चेयरपर्सन के बेटे जगदीश भावड़ ने की। उनके साथ उनके दोनों बेटों-कंवर और साहिल, दामाद राहुल दहिया और भतीजे विनोद ने भी रक्तदान किया। दो सगी बहनों-शशि किरण और नीलम ने संग-संग रक्तदान किया। तीसरी महिला रक्तदाता पूजा रहीं।



**गोहाना।** रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए निवर्तमान सांसद जितेंद्र मलिक व अन्य अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*



समाजसेवी प्रतिक शर्मा जरूरतमंदों को चश्में वितरित करते हुए।

### कैंप में 388 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

**राई।** हलालपुर गांव में राजकुमार शर्मा फाऊडेंशन के संस्थापक समाजसेवी प्रतिक शर्मा द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 388 लोगों ने अपने स्वास्थय की जांच करवाई। शिविर में आए लोगों को निशुल्क दवाईयां व चश्में वितरित किए गए। डा. श्राफ चैरिटेबल अस्पताल के चिकित्सक डा. धीरेन्द्र ने आंखों की जांच की। शिविर का शुभारम्भ करने के बाद समाजसेवी प्रतिक शर्मा ने कहा कि राजकुमार शर्मा फाऊडेंशन नेत्र जांच शिविर के अलावा अन्य बहुत से सामाजिक कार्य कर रही है। शर्मा ने कहा कि हलके के अधिकत्तर गांवों में नेत्र जांच शिविर लगवाए जा चुके है। जो गांव बच गए है, उक्त गांवों में भी शीघ्र शिविर लगवाए जाएंगे। शिविर में दीपक पंडित, कैप्टन रायसिंह, मास्टर आजाद सिंह, प्रदीप, मास्टर सुलतान, डा. कृष्ण, ईश्वर, सुरेन्द्र, बलवान, राजेन्द्र नम्बरदार, कुलबीर सरपंच, जगे प्रधान, सरेन्द्र, चंदन सिंह आदि मौजूद थे।

### श्रद्धालुओं ने शीतला माता मंदिर में दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**खरखौदा।** बिधलान के शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने सोमवार को माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही मंदिर के ईद-गिर्द लगे मेले का भी श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। श्रद्धालुओं ने सप्तमी के दिन बनाए गए बासी भोजन का प्रसाद माता को अर्पण कर उसी प्रसाद को परिवार सहित मंदिर के प्रांगण में ग्रहण किया। शीतला माता मंदिर समिति व ग्रामीणों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पानी, भोजन व बैठने की सुचारू व्यवस्था की गई थी। समिति के सदस्य नरेंद्र शास्त्री ने बताया कि यह मंदिर परिसर साढ़े 4 एकड़ भूमि में बनाया गया है और गुड़गांव के बाद बिधलान में शीतला माता का दूसरा स्थान आता है। जिसमें दहिया खाप के अंतर्गत आने वाले लगभग 60 गांवों और आसपास के श्रद्धालु यहां माता के दर्शन करने आते हैं। गांव बसने के पूर्व से ही इस धार्मिक स्थल की पूजा होती आ रही है, क्योंकि उस समय यह स्थल एक जंगल के रूप में था। बाद में नारायण महाराज ने यहां पर मंदिर का जीर्णोद्धार करके शीतला माता की मूर्ति स्थापित की। मंदिर के समीप तालाब बना हुआ है, जिसमें श्रद्धालु मन्नत मांगने के लिए मिट्टी निकालते हैं। तालाब में स्नान करने से त्वचा संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है। माता के दर्शन करने वालों में नवविवाहित जोड़े व संतान प्राप्ति होने पर श्रद्धालु माता का आशीर्वाद प्राप्त करने दूर-दूर से आते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# धार्मिक कार्यों में भाग लेने से मिलती है मन को सुख और शांति : वीरेंद्र

**गन्नौर।** जाहरी प्राचीन शीतला माता मंदिर सेवा समिति की ओर से गांव जाहरी में शीतला माता मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम व श्रद्धा से मनाया । कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। जिसमें बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान, समिति पदाधिकारी व ग्रामीणों ने यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत श्री माता वैष्णो देवी जागरण पार्टी ने शीतला माता का जागरण किया। जिसमें कलाकारों ने माता के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। जागरण में पहुंचे भक्त भी अपने आप को रोक नहीं सके और माता के गानों पर जमकर झूमे। मंदिर परिसर में भंडारा लगाया। श्रद्धालुओं ने भंडारे में हलवा, पूरी व आलू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी वीरेंद्र ने भंडारे में सेवा देने के साथ ही कहा शीतला माता की महिमा अपरंपार है। माता भक्तों की हर मुराद पूरी करती है। यहां आसपास के क्षेत्र में शीतला माता की काफी मान्यता है। कादियान ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी अपने राह से भटक रहा है। इस परिस्थिति मकें गांव-गांव में धार्मिक आयोजन होने से उसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने मुख्यातिथि वीरेंद्र को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अवसर पर वेदपाल लाकड़ा, कर्मसिंह लाकड़ा, सत्यवीर लाकड़ा, बिजेंद्र शास्त्री, कृष्ण लाकड़ा, सुरेंद्र, बलवान आदि मौजूद रहे।



मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान, समिति पदाधिकारी सम्मान करते हुए।

# पुलों के नीचे नहीं की सफाई, सिल्ट और मिट्टी को पटरी पर ही छोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजपुरा माइनर की जेसीबी से सफाई कराने के बाद विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कोताही करने का किसानों का आरोप लगाते हुए एसडीएम से कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना कि माईनर के ऊपर बनाए गए सड़कों, रेलवे के पुल के नीचे से लेबर लगाकर कही भी सफाई नही की गई है। वहीं सिल्ट और मिट्टी को माइनर की पटरियों पर ही छोड़ दिया गया। किसानों का कहना कि अगर विभाग ने इसके बाद भी समाधान नही किया तो नहर सफाई में खानापूर्ति करने की शिकायत विधायक से की है। उनका कहना कि क्षेत्र में माइनरों की सफाई के नाम पर लंबा खेल चल रहा है। माइनरों की सिल्ट सफाई में खानापूर्ति की जा रही है। जेसीबी से सफाई कराई जा रही है। इसके बाद भी नहर की तलहटी में सिल्ट मौजूद है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार माइनरों की सफाई से निकली सिल्ट व मिट्टी को माइनर से दूर किसी खाली स्थान पर रखवाया जाना चाहिए। उनका कहना कि माईनर में गांव शेखपुरा, अगवानपुर, राजलू गढ़ी, बड़ी रोड, बड़ी गांव आदि जगह पर सड़कों के पुल बने है। अधिकांश स्थानों पर पुलों के नीचे सफाई ही नहीं कराई गई है। कई जगह तो सिल्ट निकालने के बाद बिल्कुल पटरी पर रख दी है कि बरसात आने के बाद वह माईनर में ही गिर जाएगी।

### कोताही किसी सूरत में बर्दाश्त नही जाएगी : एसडीएम

एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि अगर इस तरह से माईनर की सफाई में कोताही बरती गई है और संबधित विभाग के अधिकारियों ने कोई ध्यान नही दिया तो उनके खिलाफ कार्रवाई करने के साथ माईनर की दोबारा से सफाई करने के आदेश दिए जाएंगे।

FIMS HOSPITAL
Bahalgarh Road, Sonipat, Haryana
9वीं वर्षगाँठ
आपके बेहतर स्वास्थ्य के लिए हम अपनी 9वीं वर्षगाँठ पर "दिल व फेफडे रोग" का नि:शुल्क मेगा शिविर का आयोजन कर रहे है।
पूरे अप्रैल महीने में पाएँ "दिल व फेफडे रोग" पर निःशुल्क परामर्श व सभी जांच पर 25% छूट



साथ ही पाएँ एक मेडिकल लाभ कार्ड बिल्कुल मुफ्त।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
0130 2205000, 7056712036, 7056712021, 7056712030
www.fimssonipat.com | 0130-2205000 | Follow us:
"On panel of Haryana Gov, Delhi Gov, ECHS, Railway, NDMC, DJB, FCI, MCD, AAI, DTL, DTC, DUSIB, TPDDL, Raksha, Star, and all Major Insurance Companies, TPAs, & PSUs."